प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 29.04.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज देवरिया में 676 करोड़ की 501 परियोजनाओं का किया शुभारम्भ : कहा– ज़ीरो पावर्टी के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है सरकार।
2. उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज अम्बेडकर नगर में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की : अस्पतालों को फायर सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट देने के दिये निर्देश।
3. लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी आज दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली : कुंदनगंज में सोलर रूफ़ टॉप प्लांट और इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन का किया उद्घाटन।

और

4. अयोध्या में श्री रामलला मंदिर के मुख्य शिखर पर आज स्थापित किया गया ध्वज दंड : 5 जून को राम दरबार की स्थापना के साथ पूरा हागा मंदिर का निर्माण कार्य।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज देवरिया में 676 करोड़ की 501 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ज़ीरो पावर्टी के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। इसके तहत प्रदेश के 15 लाख लोगों को चिन्हित किया

गया है जिन्हें सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ दिया जाएगा। बाइट.....

*सरकार में जीरो पावर्टी के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कदम आगे बढ़ाये हैं हर गांव के उस गरीब को दलित को वंचित को अति पिछड़ी जाति के हर एक उस व्यक्ति को हर गरीब को जिसको अब तक कोई सुविधा नहीं मिली है उन सभी लोगों को सरकार की सभी प्रकार की सुविधाओं से जोड़ने के लिये जिसके पास पक्का मकान नहीं होगा, मकान हम देंगे जिसको पेंशन की सुविधा नहीं मिलती उसको पेंशन की सुविधा से जोड़ेंगे जिसके पास राशन कार्ड नहीं इसे राशन कार्ड देंगे।*

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने यूपी बोर्ड में हाईस्कूल में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वालो प्रीति कुशवाहा और इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली श्वेता प्रसाद को प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के चरगावां में 9 करोड़ 89 लाख रुपए की लागत से 200 टी. पी.डी. क्षमता के गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का लोकार्पण किया। इसअवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य के लिए सफाई मित्रों को सम्मानित किया। साथ ही स्वच्छता से जुड़े वाहनों को हरी झंडी भी दिखाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आज सॉलिड और लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर उत्कृष्ट प्रयास हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2070 तक भारत कार्बन उत्सर्जन को ज़ीरो तक पहुंचाने का कार्य करेगा।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में उनके आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। ये बैठक जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर की गई। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रक्षा प्रमुख अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के अध्यक्ष भी मौजूद रहे।

————————

उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने आज अम्बेडकर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जलालपुर में चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक की। श्री पाठक ने बैठक में अस्पतालों  की कमियों को दूर करने और फायर सेफ्टी ऑडिट की रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। श्री पाठक ने कहा कि अम्बेडकरनगर के लोगों को अच्छी चिकित्सा सुविधा मिल इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है। बाइट....

*कई अस्पतालों में जो दिक्कते है उनको दूर करने के निर्देश दिये है और यहां के जो एडी महोदय है अयोध्या मंडल के उनसे सभी अस्पतालों की गहन समीक्षा करके रिपोर्ट एक सप्ताह में मांगी है और आजकल हम पूरी तरह से फायर सेफ्टी आडिट करा रहे है वो काम चल रहा है। सबकी आडिट रिपोर्ट भी हमने मांगी है सभी अस्पतालों पीएचसी, सीएचसी डिस्टिक हास्पिटल मेडिकल कॉलेज से आडिट रिपोर्ट मांगा है।*

————————

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आज दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे । रायबरेली पहुंचकर उन्होंने कुंदनगंज में सोलर रूफ़ टॉप प्लांट और इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन का उद्‌घाटन किया। इसके उपरांत कांग्रेस सांसद कलेक्ट्रेट में आयोजित दिशा बैठक में शामिल हुए। रायबरेली दौरे के पहले दिन उन्होंने लालगंज स्थित रेल कोच फैक्टरी का भ्रमण किया और बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक भी की।

——————

प्रदेश से हज यात्रा पर जाने वाले करीब 268 हज यात्रियों के पहले जत्थ ने रात ढाई बजे लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अतंर्राष्ट्रीय हवाई अड्‌डे से उड़ान भरी। प्रदेश के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री ओम प्रकाश राजभर और राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने हज हाउस से यात्रियों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लखनऊ हवाई अड्डे से 14 मई तक 20 उड़ानें यात्रियों को हज के सफर पर लेकर जायेंगी। राज्य हज समिति सचिव एसपी तिवारी ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए हज हाउस में ही सऊदी रियाल उपलब्ध कराये जा रहे हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*एसबीआई काउंटर से हज यात्री भारतीय रुपए के बदले सऊदी रियाल ले सकते हैं। इसके लिए हज यात्रियों को पासपोर्ट की छायाप्रति, आधार कार्ड, पैनकार्ड की छायाप्रति, हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट से वर्तमान स्टेट्‌स का प्रिंट आउट काउंटर पर देना होगा। हज यात्री 2100*

*सऊदी रियाल लेने के लिए 50 हजार रुपए सीधे कैश जमाकर सकते हैं। हांलाकि 2100 से अधिक सऊदी रियाल लेने के लिए भारतीय स्टेट बैंक में खाता होना अनिवार्य है। हज यात्रा 2025 में लखनऊ एम्बारकेशन से तकरीबन छह हजार यात्री हज के लिए प्रस्थान करेंगे। पूरे प्रदेश से 13500 यात्री हज पर जा रहे हैं। लखनऊ जिले से हज पर जाने वालों की संख्या करीब 600 है। मुमताज़ अली, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

**संस्कृत परीक्षा परिणाम**

**उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद का व परीक्षा परिणाम कल शाम चार बजे घोषित किया जायेगा। परीक्षा परिणाम संस्कृत शिक्षा परिषद की वेबसाइट** www.upmssp.com **पर देखा जा सकता है।**

————————

**अयोध्या में श्री रामलला मंदिर के मुख्य शिखर पर आज 42 फुट ऊंचा ध्वज दंड स्थापित किया गया। अक्षय**

तृतीया के पावन अवसर पर परकोटे में बने 6 मंदिरों में मूर्तियों की स्थापना का काम कल से शुरू होगा। अयोध्या श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि मंदिर निर्माण का काम लगभग पूरा हो चुका है। 23 मई को भगवान राम, माता सीता समेत अन्य मूर्तियां अयोध्या पहुंच जाएंगी। 5 जून को पूरे विधि विधान के साथ प्रथम तल पर राम दरबार की स्थापना होगी और उसके साथ ही मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण हो जायेगा। बाइट....

*भगवान राम सीता जी, उनके भ्राता हनुमान जी की स्थापना तेईस मई को होगी हर कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है तेईस मई एक शुभ दिन है जीस दिन की वह मूर्तियां अयोध्या में पधारेंगी और अपने गर्भगृह में उन्हें पर छाया जाएगा और पांच जून को राम दरबार हमारी आस्था और धार्मिक जो कार्यक्रम होंगे, उसके अनुसार वहाँ पर भगवान विराजित हो जाएंगे।*

————————

आकाशवाणी से चार धाम यात्रा के उद्घाटन का सीधा प्रसारण किया जाएगा। गंगोत्री धाम के खुलने का सीधा प्रसारण कल सुबह 10 से 11 बजे तक होगा, जबकि यमुनोत्री धाम का सीधा प्रसारण साढे ग्यारह से साढे बारह बजे तक होगा। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने का सीधा प्रसारण 2 मई का सुबह 6 बजे होगा, जबकि बद्रीनाथ धाम के खुलने का सीधा प्रसारण 4 मई को सुबह साढे छह बजे से साढे सात बजे तक होगा। सीधा प्रसारण आकाशवाणी के इंद्रप्रस्थ, एफएम गोल्ड और आराधना चनल के साथ–साथ न्यूज़ ऑन एयर ऐप पर भी उपलब्ध होगा।

यात्रा से जुड़ी रिपोर्ट भी कल से 4 मई तक हर दिन शाम साढे सात से 7 बजकर 45 मिनट तक प्रसारित की जाएगी।

————————

वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट वेव्स 2025 – मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में 1 से 4 मई तक आयोजित किया जाएगा। इस समिट में देश और दुनियाभर के मीडिया, मनोरंजन और टेक्नोलॉजी क्षेत्र के लोग शामिल होंगे। इसका आयोजन 15 हज़ार वर्गमीटर में किया जा रहा है। इस शिखर सम्मेलन में 1,470 वर्ग मीटर मे भारत मंडप बनाया गया है, जो कला से कोड तक थीम के तहत भारत की सशक्त विरासत का प्रदर्शन करेगा। भारत मंडप के अलावा, वेव्स 2025 में विभिन्न राज्यों के विशेष मंडप भी होंगे, जिनमें उत्तर प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, समेत कई अन्य राज्य अपने सांस्कृतिक और रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

————————

मौसम विभाग ने एक मई तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान जताया है। विभाग के अनुसार इस दौरान कुछ जनपदों में धूलभरी आंधी आने की भी आशंका है।

————————

इंडियन प्रीमियर लीग में आज दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला मौजूदा चंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स से हो

रहा है। ये मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में हो रहा है। दिल्ली इस वक्त अंक तालिका में चौथे स्थान पर है, जबकि केकेआर 7 प्वाइंट्स के साथ अंक तालिका में 7वें नंबर पर है।

(समाप्त)